चंडीगढ़, 29 जून - आगामी चार जुलाई 2018 को जाट सभा चंडीगढ़ द्वारा 10वीं कक्षा से लेकर यूनिवर्सिटी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए अखिल भारतीय स्तर की 'भाई सुरेन्द्र सिंह मलिक यादगार निबंध प्रतियोगिता' का आयोजन किया जाएगा।

इस बारे में जानकारी देते हुए हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक व जाट सभा चंडीगढ़ के प्रधान डॉ. एम.एस मलिक आईपीएस (सेवानिवृत) ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से स्कूल तथा कालेजों के विद्यार्थियों में शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ उनकी लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता चंडीगढ़ समेत हरियाणा राज्य के 20 स्कूलों में आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ के मोती राम आर्य वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सैक्टर-27 चंडीगढ़, चौ० भरत सिंह यादगार खेल स्कूल निडानी, जिला जींद,भाई सुरेन्द्र सिंह मलिक यादगार कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल निडानी, जिला जींद, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामलो कला, जिला जींद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामलो कलां, जिला जींद, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लजवाना कलां, जिला जींद, शिव वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गतोली, जिला जींद, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल जुलाना, जिला जींद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल जुलाना, जिला जींद,कन्या गुरूकुल शादीपुर, जुलाना, जिला जींद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल किला जफरगढ़, जिला जींद, एम.सी.आर पब्लिक स्कूल जुलाना व आर.पी.एस पब्लिक स्कूल जुलाना,जींद तथा सी.एल.डी.ए.वी सीनियर सकैंडरी स्कूल सैक्टर-11 पंचकूला , भवन विद्यालय, सैक्टर-15 पंचकूला , ज्ञानदीप मॉडल स्कूल सैक्टर-18 पंचकूला में यह निबंध प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाएगी।

जाट सभा के प्रवक्ता ने बताया कि मोती राम आर्य वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सैक्टर-27 चंडीगढ़ में निबंध लेखन प्रतियोगिता का शुभारंभ गमाडा व पुडा (पंजाब शहरी विकास प्राधिकरण) के अतिरिक्त मुख्य प्रशासक श्री आकाश गोयल द्वारा तथा चौ. भरत सिंह यादगार स्कूल निडानी व भाई सुरेन्द्र सिंह मलिक यादगार कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल निडानी केंद्र पर जाट सभा के प्रधान व पूर्व पुलिस महा निदेशक डॉ. एम एस मलिक द्वारा शुभांरभ किया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि निबंध का विषय समाज की ज्वलंत समस्याओं/घटनाओं पर आधारित होगा और इसकी घोषणा प्रतियोगिता शुरू होने से पूर्व की जाएगी। निबंध हिंदी या अग्रेंजी किसी भी भाषा में लिखा जा सकता है। निबंध प्रतियोगिता ग्रामीण व शहरी दो वर्गो में आयोजित की जाएगी, जिसकी प्रविष्टी (एंट्री) उपरोक्त वर्णित किसी भी केंद्र पर दो जुलाई तक भेजी जा सकती है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को क्रमश: 5100 रूपये नकद व स्वर्ण पदक, 3100 रूपये व रजत पदक तथा 2100 रूपये व कांस्य पदक द्वारा स□मानित किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक श्रेणी में 600 रूपये सांत्वना पुरस्कार के रूप में भी प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता के विजेताओं को आगामी दीनबंधु सर छोटूराम जयंती एवं बंसत पंचमी समारोह के अवसर पर नकद पुरस्कार व मैरिट प्रमाण-पत्र देकर स□मानित किया जाएगा।

प्रेम सिंह
कार्यालय सचिव, 9056787532